स्पीड-पोस्ट

संख्या-2/मु0स0-1 जेड (2) /छः-2015-07 पी0पी0/2014

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश (अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बदायूँ, बुलन्दशहर, बांदा, चित्रकूट, इटावा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, हरदोई, जालौन, मऊ, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, रायबरेली, सन्त कबीर नगर, शामली, सहारनपुर, सम्भल, को छोड़कर)।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 20 जनवरी, 2015

विषय- स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन का भुगतान राज्य कोषागारों से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको को अनिवार्य रूप से स्थानान्तरित करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवर सचिव, एफएफआर डिवीजन, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-1/65/2014 एफएफ(पी), दिनांक 26-12-2014 के साथ प्राप्त संयुक्त सचिव (श्री के0के0 पाठक), एफएफआर की अध्यक्षता में दिनांक 24-12-2014 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न, का क़ृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विषयांकित प्रकरण में संयुक्त सचिव, भारत सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 24-12-2014 के कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करायें। भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में ही राज्य कोषागारों से प्राप्त केन्द्रीय सैनिक सम्मान पेंशनर्स के पी0पी0ओ0/संगत अभिलेख भारत सरकार को उपलब्ध कराये जा चुके है। यदि आपके जनपद से संबंधित केन्द्रीय पेंशन प्राप्तकर्ता/उनके आश्रितों के पी0पी0ओ0/अन्य अभिलेख अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है तो कृपया शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि उसे भारत सरकार को शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके। आप अवगत हैं कि भारत सरकार के उक्त निर्णय के अनुसार केन्द्रीय सम्मान पेंशन का भुगतान दिनांक 01-10-2014 से

http://shasanadesh.up.nic.in

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको द्वारा किया जाना है, जिसके फलस्वरूप पेंशन भुगतान में विलम्ब हो रहा है। उक्त के दृष्टिगत ही शासन के पत्र संख्या-744 जेड (2) /छः-2014-7 पी0पी0/2014, दिनांक 11-12-2014 द्वारा एतदर्थ केन्द्रीय पेंशन प्राप्तकर्ताओं के अवगतार्थ आपको निदेशित भी किया गया था।

3- अतः इस संबंध में आपको पुनः निदेशित किया जाता है कि कृपया पेंशन के भुगतान में हो रहे विलम्ब के कारण केन्द्रीय सैनिक सम्मान पेंशन प्राप्तकर्ताओं को हो रही असुविधा के संबंध में जानकारी भारत सरकार के संयुक्त सचिव/अवर सचिव के निम्नवत् अंकित पते/दूरभाष पर प्राप्त की जा सकती है:-

(1) श्री के0के0 पाठक, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, (एफ0एफ0आर0 डिवीजन), द्वितीय तल, एन0डी0सी0सी0-।।, बिल्डिंग जयसिंह रोड, नई दिल्ली। दूरभाष नं0-011-23438054, मो0 नं0-09999455559

(2) सुश्री साधना हीरानन्दानी, अवर सचिव (पालिसी), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, (एफ0एफ0आर0 डिवीजन), द्वितीय तल, एन0डी0सी0सी0-।।, बिल्डिंग जयसिंह रोड, नई दिल्ली। दूरभाष नं0- 011-23438082, मो0 नं0-09868106393

संलग्नक-'यथोक्त।

भवदीय,

ह/0
(राजेन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

<u>संख्या-2/मु0स0 1(1) जेड (2) /छः-2015, तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:-

(1) श्री के0के0 पाठक, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, (एफ0एफ0आर0 डिवीजन), द्वितीय तल, एन0डी0सी0सी0-।।, बिल्डिंग जयसिंह रोड, नई दिल्ली।

(2) सुश्री साधना हीरानन्दानी, अवर सचिव (पालिसी), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, (एफ0एफ0आर0 डिवीजन), द्वितीय तल, एन0डी0सी0सी0-।।, बिल्डिंग जयसिंह रोड, नई दिल्ली को पत्र संख्या-1/65/2014 एफएफ(पी), दिनांक 26-12-2014 के संदर्भ में

http://Shasanadesh.up.nic.in

इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया केन्द्रीय पेंशन का भुगतान यथाशीघ्र कराने का कष्ट करें।

(3) समस्त संबंधित कोषाधिकारियों को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त दिनांक 24-12-2014 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें एवं केन्द्रीय सम्मान पेंशन पा रहे सेनानियों/आश्रितों को हो रही असुविधा के संबंध में वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत करा दें।

आज्ञा से,

ह/0

(जी0पी0 कमल)

संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in